दैनिक राष्ट्रीय जनवक्ता



लेख , कविताएं एवं विज्ञापन प्रकाशनार्थ आदि के लिए स्थानीय संपादक इफ्तेखार उद्दीन खान से संपर्क करें
मो. 9977442619
9425442435

डाक पंजीयन क्रमांक मप्र/भोपाल/39/21-23 RNI. No.MPHIN/2005/24545

# राष्ट्रीय जनवक्ता

राजगढ़ जिले का प्रमुख दैनिक समाचार पत्र

दैनिक राष्ट्रीय जनवक्ता

लेख , कविताएं एवं विज्ञापन प्रकाशनार्थ आदि के लिए उप संपादक कमरूउद्दीन खान से संपर्क करें
मो. 9340636911
9425442435
आनंद एक्सीलेंस कॉलेज के सामने, वार्ड नं. 2, ब्यावरा (राजगढ़) मप्र

वर्ष-22 अंक- 06 (सांध्य दैनिक) राजगढ़, मंगलवार 15 जुलाई 2025 पृष्ठ-8 मूल्य-1 रूपया


राधिका मर्डर, पिता बोला-

## जो हो गया, सो हो गया

**गुरुग्राम (एजेंसी)।** हरियाणा के गुरुग्राम में टेनिस प्लेयर राधिका यादव की हत्या करने वाले पिता दीपक यादव को कत्ल पर अब कोई पछतावा नहीं है। पुलिस रिमांड के दौरान उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। पुलिस पूछताछ के दौरान उसने कहा कि जो हो गया, सो हो गया, अब उसे और कुछ नहीं कहना।

उधर, आरोपी दीपक यादव को गुरुग्राम की जिला जेल में रखा गया है, जहां उसे हवालाती नंबर- 4142 दिया गया है। आरोपी को कत्ल की वजह से हार्डकोर अपराधियों की



सेकेंड कैटेगरी में रखा गया है। इसमें वे कैदी हैं, जो पहली या दूसरी बार, सिंगल या डबल मर्डर करके आते हैं। वह 60 कैदियों के साथ है, जहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

वहीं गुरुग्राम पुलिस ने जांच आगे बढ़ाते हुए टेनिस प्लेयर के मोबाइल को डेटा रिकवरी के लिए फोरेंसिक लैब भेज दिया है। जिसके जरिए पता किया जाएगा कि उसमें से कोई डेटा वगैरह डिलीट तो नहीं किया गया। इसके अलावा कत्ल से पहले राधिका की किसी से बात हुई या फिर किसी न उसको या उसने किसी को कोई मैसेज वगैरह भेजा था या नहीं।

गुरुग्राम पुलिस के प्रवक्ता संदीप कुमार ने कहा कि जो भी परिवार के सदस्य, दोस्त या सहयोगी मीडिया या सोशल मीडिया के सामने कुछ जानकारी दे रहे हैं तो वे सामने आएं। सोशल मीडिया पर राधिका की बेस्ट फ्रेंड या फिर सहकर्मी बनकर जो भी वीडियो डाल रहे हैं, वह भी आगे आकर सही जानकारी पुलिस को दें।

## स्कॉर्पियो पेड़ से टकराई, पिता-पुत्र समेत 4 की मौत

- श्योपुर में सड़क पर बैठी गाय को बचाने में बेकाबू हुई गाड़ी



**श्योपुर (एजेंसी)।** श्योपुर जिले में रविवार रात 11.30 बजे स्कॉर्पियो सड़क पर बैठी गाय को बचाने के प्रयास में खाई में उतरकर पेड़ से टकरा गई। काली तलाई इलाके में हुए हादसे में राजस्थान के रहने वाले बाप-बेटे समेत 4 लोगों की मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि सभी लोग रविवार रात करीब आठ बजे अशोकनगर से राजस्थान के लिए रवाना हुए थे। करीब 11.30 बजे तेज बारिश के बीच काली तलाई रोड पर एक गाय बैठी हुई थी। ड्राइवर ने गाय को बचाने की कोशिश में तेजी से स्टीयरिंग घुमा दी, जिससे कंट्रोल हट गया। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो सड़क से नीचे उतरकर खाई में पेड़ से जा टकराई।

मृतकों की पहचान कोटपूतली निवासी हरिराम यादव (60), विजेंद्र जाट (23), मुकेश यादव (28) के रूप में हुई है। तीनों पिता-पुत्र बताए जा रहे हैं। चौथे मृतक की पहचान हाबा सिंह गुर्जर के रूप में हुई।




सावन का पहला सोमवार

# शिवालयों में उमड़ी भीड़

### उज्जैन में नई पालकी में प्रजा का हाल जानने निकले महाकाल, 1 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंचे

### राजस्थान के शिव मंदिर में 151 किलो घी से अभिषेक, काशी विश्वनाथ के जलाभिषेक के लिए 1 सेकेंड का वक्त

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सावन महीने का पहला सोमवार था। सभी ज्योतिर्लिंगों के अलावा देश के छोटे-बड़े सभी शिव मंदिरों में जलाभिषेक जारी है। रविवार रात से ही मंदिरों के बाहर भक्तों की भीड़ जमा है।

मध्य प्रदेश के उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर के तड़के सुबह 2.30 बजे मंदिर के कपाट खोले गए थे। यहां हजारों श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचे हैं। सावन महीने में यहां 80 लाख लोगों के आने का अनुमान है।

राजस्थान के जयपुर में चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर महादेव मंदिर में सुबह 3 बजे भगवान भोलेनाथ का 151 किलो गाय के घी से अभिषेक किया गया है। महंत शक्ति व्यास ने बताया- 3100 किलो आम से मंदिर की सजावट की गई है।

यूपी के वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में सुबह 4 बजे मंगला आरती हुई। रात से ही दर्शन जारी हैं। मंदिर के बाहर कांवड़ियों की 3 किमी लंबी लाइन है। बाबा विश्वनाथ के जलाभिषेक के लिए केवल 1 सेकेंड का समय मिल रहा है।

सावन के पहले सोमवार पर उज्जैन में भगवान महाकाल नई पालकी में प्रजा का हाल जानने निकले। ये पहली सवारी वैदिक उद्घोष की थीम पर निकाली जा रही है। सवारी शिप्रा नदी तक जाएगी। यहां महाकाल का पूजन किया जाएगा। इसके बाद रात करीब 7 बजे पालकी मंदिर वापस आएगी।

सवारी में भजन मंडलियों नाचते-गाते आगे बढ़ रही हैं। इससे पहले तड़के 2:30 बजे महाकालेश्वर मंदिर के कपाट खोले गए थे। कपाट रात 10 बजे शयन आरती तक खुले रहेंगे। दोपहर 3 बजे तक 1 लाख 15 हजार श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे।



इधर, खंडवा के ओंकारेश्वर में सुबह 5 बजे मंगला आरती हुई। ओंकार महाराज का फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। नैवेद्य में 56 भोग अर्पित किए गए।

मुख्यमंत्री का दुबई यात्रा का दूसरा दिन

# मध्यप्रदेश बनेगा एविएशन और लॉजिस्टिक हब

- शेख अहमद बिन सईद अल मकतूम से भेंट

**भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुबई यात्रा के दौरान एमिरेट्स एयरलाइंस और दुबई सिविल एविएशन अथॉरिटी के चेयरमैन शेख अहमद बिन सईद अल मकतूम के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक मध्यप्रदेश और यूएई के बीच उड्डयन संबंधों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम पड़ाव साबित हुई।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एयर एंबुलेंस फ्लाइट सेक्टर में अच्छी संभावना है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्ग दर्शन में मध्यप्रदेश एविएशन में जो काम कर रहा है उसमें भी दुबई सहयोग देने को तैयार है।

### क्षेत्रीय कार्गो हब के प्रस्ताव पर बनी सहमति

बैठक में मुख्य रूप से इंदौर और भोपाल शहरों से दुबई के लिए सीधी विमान सेवाएं शुरू करने पर चर्चा हुई। मध्य भारत में एक क्षेत्रीय कार्गो हब स्थापित करने के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी। एविएशन ट्रेनिंग और MRO (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल) इन्फ्रास्ट्रक्चर में संयुक्त निवेश एवं प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना को लेकर भी सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ। प्रदेश में इनबाउंड टूरिज्म को बढ़ावा देने और एमिरेट्स एविएशन अकादमी के कैंपस की स्थापना की संभावना पर भी गंभीर चर्चा की हुई। मध्यप्रदेश को भारत का एक प्रमुख एविएशन और लॉजिस्टिक्स हब बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो राज्य के आर्थिक और औद्योगिक विकास में नई उड़ान भरेगा।

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मीडिया से संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक के बाद दुबई में मीडिया से संवाद करते हुए कहा कि आज सुबह से निवेशकों और उद्योगपतियों के साथ अलग-अलग चर्चाओं का दौर शुरू हुआ है। सबसे पहले हमारे महावाणिज्यदूत और एंबेसी के लोगों के साथ विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि एयर एंबुलेंस फ्लाइट सेक्टर में अच्छी संभानाएँ है। मध्यप्रदेश एविएशन में जो काम कर रहा है दुबई उसमें सहयोग करने के लिए तैयार है। हमारी सरकार विदेश में कैसे आसानी से व्यापार करे, सरकार किन-किन क्षेत्रों में व्यापार कर सकती है, उस पर गहन विचार-विमर्श हुआ। मध्यप्रदेश में खदानें भी हैं, उद्योग भी हैं, फूड पार्क भी हैं। निवेशकों से अलग-अलग सेक्टर को लेकर चर्चा की। वन-टू-वन बैठक में भी निवेशकों से अच्छी और सकारात्मक बात की है। बैठकों के दौरान वेलनेस, हेल्थ, एनर्जी, सर्विस सेक्टर में अच्छे सुझाव मिले।

## करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष रिहा

- आंदोलन में शामिल नहीं होने की शर्त पर शहर से बाहर छोड़ा; शेरपुर बोले- समझौता नहीं करेंगे



**हरदा (एजेंसी)।** करणी सेना परिवार के अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर और साथियों को रिहा किया गया है। शर्त ये है कि वे हरदा में किसी भी तरह के आंदोलन या प्रदर्शन में शामिल नहीं होंगे।


हरदा में सोमवार सुबह करीब 7:15 बजे करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर, कृष्णा अजय पाल, राहुल पिता भारत और नेपाल पिता विक्रम सिंह को सशर्त रिहा किया गया। रिहाई एसडीएम कुमार शानू देवड़िया की मौजूदगी में हुई। दोपहर में 50 और सदस्यों को रिहा किया गया।

एसडीएम ने बताया कि सोमवार को सभी लोगों को रिहा कर दिया है। प्रशासन ने जीवन सिंह शेरपुर को जिला सीमा से बाहर छोड़ा है। उनसे लिखित में लिया गया है कि वे हरदा में किसी भी तरह के आंदोलन या प्रदर्शन में शामिल नहीं होंगे।

## स्पेस स्टेशन से रवाना हुए शुभांशु शुक्ला

- 23 घंटे के सफर के बाद पृथ्वी पर पहुंचेंगे, 41 साल बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष में गया

**फ्लोरिडा (एजेंसी)।** शुभांशु शुक्ला सहित चार एस्ट्रोनॉट आज 14 जुलाई को शाम 4:45 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से पृथ्वी के लिए रवाना हुए। करीब 23 घंटे के सफर के बाद उनका ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट 15 जुलाई दोपहर करीब 3 बजे समुद्र में उतरेगा। इसे स्प्लैशडाउन कहते हैं। स्पेसक्राफ्ट 263 किलो से ज्यादा कार्गो के साथ वापस आएगा। इसमें नासा का हार्डवेयर और 60 से ज्यादा प्रयोगों का डेटा शामिल होगा। यह अंतरिक्ष अनुसंधान के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। चारों एस्ट्रोनॉट 26 जून को भारतीय समय के अनुसार शाम 4:01 बजे आईएसएस पहुंचे थे। एक्सियम मिशन 4 के तहत 25 जून को दोपहर करीब 12 बजे एस्ट्रोनॉट रवाना हुए थे। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट से जुड़े ड्रैगन कैप्सूल में इन्होंने कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी थी। ये मिशन तकनीकी खराबी और मौसमी दिक्कतों के कारण 6 बार टाला गया था।




## बिहार में बाढ़-बिजली गिरने से 13 की मौत

- राजस्थान में 7 की जान गई
- एमपी के 4 जिलों में बाढ़; लैंडस्लाइड से चंडीगढ़-मनाली हाईवे बंद

**नई दिल्ली/ भोपाल/ लखनऊ/ पटना/ जयपुर (एजेंसी)।** बिहार में बीते 24 घंटे में बाढ़-बिजली गिरने से 13 लोगों की मौत हो गई है। बिजली गिरने से प्रदेश में 9 लोगों की जान चली गई। इनमें सबसे ज्यादा 5 मौतें बांका में हुईं। वहीं, बाढ़ से गयाजी में 2, नालंदा और पटना में 1-1 व्यक्ति की मौत हुई है।





राजस्थान में भी बीते 1 दिन में बारिश की घटनाओं में 7 लोगों की मौत हो गई है। भीलवाड़ा में दो चचेरे भाइयों की बरसाती नाले में और राजसमंद में तालाब में डूबने से भाई-बहन की मौत हो गई। ब्यावर में कीचड़ में गिरने से बच्चे की जान चली गई। भरतपुर में बिजली गिरने से पाली में बारिश में करंट लगने से 1-1 व्यक्ति की मौत हो गई। मध्य प्रदेश के छतरपुर, टीकमगढ़, अशोकनगर और गुना में बाढ़ के हालात हैं। इन जिलों के कई गांव बाढ़ में घिरे रहे। छतरपुर में धसान नदी में पिकअप बह गई। इससे एक व्यक्ति की मौत हो गई।

हिमाचल प्रदेश में इस मानसून सीजन में बारिश, बाढ़ और लैंडस्लाइड की घटनाओं में 98 लोगों की मौत हुई है। अब तक 770 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। मंडी में चंडीगढ़-मनाली हाईवे एक बार फिर लैंडस्लाइड के चलते बंद हो गया है।

यूपी के बांध ओवरफ्लो होने लगे हैं। ललितपुर स्थित गोविंद सागर बांध के 17 गेट खोल दिए गए हैं। वाराणसी में गंगा नदी उफान पर है। रत्नेश्वर महादेव मंदिर 80 फीसदी डूब चुका है। वहीं, भगवान बुद्ध की 80 फीट ऊंची प्रतिमा पर बिजली गिरने से शिखर क्षतिग्रस्त हो गया।

# श्रीमती निर्मला शर्मा, रीना परमार और विकेश शाह की कहानी बनी प्रेरणा

### प्रदेश में साढ़े तीन हजार से अधिक युवा बढ़ रहे है आत्मनिर्भरता की ओर

### प्रदेश में पीएमएफएमई योजना में 2024-25 में 3554 लाभार्थियों को 298.48 करोड़ रुपये के ऋण वितरित

**भोपाल।** विदिशा जिले की कुरवाई तहसील के ग्राम सिहोरा की श्रीमती निर्मल शर्मा, सीहोर जिले के ग्राम हरिपुर की श्रीमती रीना परमार, सिंगरौली जिले के श्री विकेश शाह जैसे प्रदेश के साढ़े तीन हजार से अधिक ऐसे हितग्राही हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (क्क्रूस्नस्स्थ) के तहत बैकों के माध्यम से 298 करोड़ का ऋण उपलब्ध कराया गया है, इन आत्मनिर्भर हितग्राहियों की सफलता की कहानी से प्रदेश में योजना के क्रियान्वयन और उसकी सफलता का अनुमान लगाया जा सकता है। श्रीमती निर्मला शर्मा ने स्वयं का रोजगार स्थापित करने का सोचा, क्क्रूस्नस्स्थ योजना के तहत 26.47 लाख रूपये का ऋण लेकर अपने ही गांव सिहोरा तहसील कुरवाई में फ्लोर मिल और पैकेजिंग यूनिट स्थापित की। वह आसपास के किसानों से शरबती, काला, लाल गेहूँ खरीद कर उनकी ग्रेडिंग करती हैं। आटा, दलिया, चापर तैयार कर, एक किलो, 5 किलो, 30 किलो की पैकिंग कर देश के साथ विदेशों में भी भेजती है। उनका वार्षिक टर्न ओवर 2022-23 में 12 करोड़ 42 लाख से भी अधिक रहा है। इसी प्रकार सीहोर के हीरापुर की श्रीमती रीना परमार ने 25 लाख रूपये के बैंक ऋण से गांव में ही डेयरी प्रोडक्ट बनाना प्रारंभ किया। प्रतिदिन 15 हजार लीटर दूध से घी, पनीर, मावा, श्रीखण्ड उत्पादन सीहोर और आसपास के क्षेत्र में अच्छी मांग पर बिक्री हो रही है। इससे उन्हें अच्छी खासी आमदनी हो रही है। सिंगरौली के विकेश कुमार शाह 18.20 लाख रूपये के ऋण से यूनिट स्थापित की। उनका वर्ष 2024-25 में 42 लाख रुपये का टर्न ओवर रहा। उन्होंने 12.50 लाख रूपये से अधिक का मुनाफा कमाया है। ये केवल चुनिंदा हितग्राहियों की कहानी है, जो अपनी मेहनत और योजना की मदद से अपना और लोगों को रोजगार देकर सामाजिक जिम्मेदारी भी निभा रहे है।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (क्क्रूस्नस्स्थ) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में मध्यप्रदेश में सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अभूतपूर्व वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य बन गया है। इस योजना के तहत राज्य के 52 जिलों में कुल 3554 लाभार्थियों को 298.48 करोड़ रुपये के ऋण का वितरण किया गया है। यह योजना केंद्र सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा संचालित की जा रही है, जिसे राज्य में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग क्रियान्वित कर रहा है। योजना का उद्देश्य पारंपरिक खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को तकनीकी, वित्तीय और मार्केटिंग सहयोग देना है, जिससे ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा मिले और स्थानीय रोजगार सृजन हो। प्रदेश में जिलेवार आंकड़े दर्शाते हैं कि इस योजना ने बड़ी संख्या में उद्यमियों को लाभ पहुंचाया है। सबसे अधिक लाभार्थियों को ऋण वितरण नरसिंहपुर जिले में किया गया, जहां 253 उद्यमियों को 24.38 करोड़ रुपये का ऋण मिला। इसके बाद खरगोन में 197 लाभार्थियों को 11.82 करोड़ रुपये तथा दमोह में 132 लाभार्थियों को 5.93 करोड़ रुपये का ऋण वितरित हुआ। ऋण राशि वितरण की दृष्टि से देखे तो भिंड जिला ऋण वितरण राशि में शीर्ष पर रहा, जहाँ केवल 116 लाभार्थियों को 22.24 करोड़ रुपये का ऋण मिला, जो प्रति इकाई औसत सहायता को दर्शाता है। इसके अलावा लाभार्थियों को शिवपुरी में 15.07 करोड़ रुपये, ग्वालियर में 15.18 करोड़ रुपये, मुरैना में 11.49 करोड़ रुपये और इंदौर में 11.04 करोड़ रुपये, छिंदवाड़ा में 7.62 करोड़ रुपये, मंदसौर में 9.25 करोड़ रुपये, सीहोर में 6.75 करोड़ रुपये, बालाघाट में 5.84 करोड़ रुपये और सागर में 7.66 करोड़ रुपये की सहायता दी गई।

## संभागायुक्त श्री तिवारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

# वर्षा ऋतु में कोई भी जन -धन की हानि न हो, अधिकारी अलर्ट रहें : संभागायुक्त श्री तिवारी

**बैतूल (निप्र)।** वर्षा ऋतु के दौरान सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ और सम्बन्धी विभागों के अधिकारी सतर्क रहें। सुरक्षा के सभी पूर्व आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। सार्वजनिक इमारतों, स्कूल भवनों, आंगनवाड़ियों, स्वास्थ्य केन्द्रों पर सतत नजर बनाएं रखें। जर्जर भवनों को तत्काल डिस्मेंटल कराएं। किसी भी प्रकार की जन हानि और धन हानि न हो यह सुनिश्चित किया जाएं। यह निर्देश संभागायुक्त नर्मदापुरम श्री के जी तिवारी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट बैतूल में आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, वन मंडल अधिकारी उत्तर श्री नवीन गर्ग, वन मंडल अधिकारी श्री वरुण यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अक्षत जैन, प्रशिक्षु आईएफएस श्री सुंदर निवेदन , उपायुक्त नर्मदापुरम भी गणेश , अपर कलेक्टर श्री राजीव नंदन श्रीवास्तव सहित जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित हैं।




### जलभराव, पेयजल, बिजली की समस्याएं आने पर जल्द निराकरण कराएं

उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि जनसामान्य के कार्यों को पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता से किया जाएं। जनपद सीईओ, सीएमओ नगरपालिका , सड़क विभाग सतत अपने क्षेत्रों का भ्रमण करते रहे और सुनिश्चित करें कि सड़कों को स्थित अच्छी रहे। सड़कों पर गड्ढे होने की शिकायतों का त्वरित निराकरण कराएं। इसी प्रकार नाली के ब्लॉकेज ,पेयजल, बिजली , जलभराव की समस्याएं आने कर उनका तत्परता से समाधान कराएं।

### सम्पूर्ण व्यवस्थाओं के लिए एसडीएम जिम्मेदार

संभागायुक्त श्री तिवारी ने निर्देशित किया कि सभी एसडीएम अपने क्षेत्र में संपूर्ण व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदार हैं। विभागीय अधिकारियों से समन्वय और सहयोग से कार्य करना आपका प्रमुख उत्तरदायित्व हैं। इसी प्रकार विकास से जुड़े कार्यों में भी एसडीएम लीडरशिप लें। अपने क्षेत्र में फीड बैक सिस्टम डेवलप करें। नकारात्मक खबरों पर त्वरित एक्शन लिया जाएं। रोस्टर तय कर विभागों के कार्यों का निरीक्षण किया जाएं। उन्होंने सभी सीएमओ ,जनपद सीईओ और बीएमओ से वर्षा की तैयारियों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### कोई भी राजस्व प्रकरण ऑफलाइन दर्ज न हो

वन खंड व्यवस्थापन के प्रकरणों की अनुविभागवार समीक्षा कर संभागायुक्त श्री तिवारी ने कहा कि प्रकरणों में आवश्यक बिंदुओं का पालन कर उन्हें दर्ज कराएं। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों से ऑफलाइन दर्ज प्रकरणों के बारे में जानकारी और निर्देशित किया कि कोई भी प्रकरण ऑफलाइन दर्ज नहीं किया जाएं। ऑफलाइन दर्ज पाए जाने पर संबंधित एसडीएम के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम और एसडीओ फॉरेस्ट की जानकारी और समन्वय में कमी न हो। उन्होंने स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और अन्य संबंधित विभागों को वन विस्थापन के प्रकरणों का एसडीओ फॉरेस्ट से समन्वय कर निराकरण कराए। सभी राजस्व अधिकारी अपने क्षेत्र में अभियान चलाकर जाति प्रमाण पत्र बनाए जाएं।

### पट्टा नवीनीकरण के प्रकरण लंबित न रहें, ई ऑफिस का प्रभावी क्रियान्वयन कराएं

उन्होंने सभी एसडीएम से टेबल इंस्पेक्शन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि टेबल इंस्पेक्शन प्राथमिकता से किया जाएं। रीडर लॉगिन पर कोई भी प्रकरण लंबित न रहे। राजस्व प्रकरणों के निराकरण के पश्चात उसे शीघ्र रिकॉर्ड रूम में सबमिट कराएं। उन्होंने कहा कि पट्टा नवीनीकरण के प्रकरण लंबित न रखें। पट्टा नवीनीकरण के लिए आवेदक द्वारा आवेदन नहीं किए जाने पर स्वप्रेरणा से नियमानुसार उनका निराकरण किया जाएं। यह प्रकरण अनिवार्य रूप से आरसीएमएस पर भी दर्ज किए जाएं।

भू अर्जन के प्रकरणों का भी राजस्व अधिकारी शीघ्र निराकरण कराए। संभागायुक्त श्री तिवारी ने ई ऑफिस के क्रियान्वयन की भी समीक्षा कर ई ऑफिस प्रणाली का प्रभावी और व्यवस्थित क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम सुनिश्चित करे कि ज्ञात और अज्ञात वाहन से होने वाली दुर्घटना में राहत के प्रकरण लंबित न रहें। अपने क्षेत्र के थाने के साथ राहत प्रकरणों की सतत समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत अपने क्षेत्र में ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन कर वहां सुरक्षा के सभी उपाय सुनिश्चित किए जाएं। निजी बस वाहनों की निरीक्षण भी किया जाएं। निजी स्कूल बस वाहन की फिटनेस, वाहन चालक सहित अन्य आवश्यक प्रमाणित जानकारी ली जाएं। अवैध उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही कराएं।प्रदूषण के दृष्टि से पॉल्यूशन कंट्रोल द्वारा औद्योगिक इकाइयों की भी निष्पक्ष रूप से जांच की जाएं।

### समग्र ईकेवाईसी शीघ्र पूर्ण कराएं

संभागायुक्त श्री तिवारी ने समग्र आधार ईकेवाईसी की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ईकेवाईसी कार्य में प्रगति लाएं। एसडीएम इसकी सतत मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि मिशन कर्मयोगी पोर्टल पर भी सभी अधिकारी कर्मचारी अपना रजिस्ट्रेशन कराएं और प्रशिक्षण प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौध रोपण कराए और अनिवार्य रूप से फोटो अंकुर एप पर अपलोड किया जाएं।

### अधीनस्थ कर्मचारियों की समस्याएं प्राथमिकता से सुलझाएं

संभागायुक्त श्री तिवारी ने सभी कार्यालय प्रमुख को निर्देश दिए कि अपने अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारी को अपने समयमान वेतनमान, एरियर, चिकित्सा सहायता इत्यादि सहायता के लिए अनावश्यक परेशान न होना पड़े।

### स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास का अमला गंभीरता से कार्य करें

संभागायुक्त श्री तिवारी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र में बाल मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए गंभीरता से कार्य करें। इस प्रकार पोषण आहार वितरण योजनाओं का भी प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन कराएं। सभी धात्री माताओं और बच्चों का शत प्रतिशत पंजीयन किया जाएं। आंगनवाड़ी अपने निर्धारित दिवसों पर अनिवार्य रूप से खुलें। आंगनवाड़ियों में बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत रहे। उप स्वास्थ्य केंद्र समय पर खुलें और वहां स्वास्थ्य का अमला समय पर पहुंचे। इस प्रकार सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारी भी अपने कार्यालयों में समय पर पहुंचे। जनसमस्या के प्रति आपका स्वभाव विनम्र और सद्भावनापूर्वक रखें।

परामर्शदात्रि समिति की बैठक में नियमित रूप से आयोजित की जाएं। संभागायुक्त श्री तिवारी ने राहवीर योजना का प्रभावी क्रियान्वयन करने और उसका व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को मिलेट फसलों और उद्यानिकी का वास्तविक गिरदावरी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### टीबी की बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए आमजन में जागरूकता लाना जरूरी

**रायसेन (निप्र)।** टीबी की बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए आमजन में जागरूकता लाना बहुत जरूरी है। इसके लिए ग्राम पंचायतों के सरपंच महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो सकते हैं। टीबी रोग किन कारणों से होता है और इनसे कैसे बचाव करें यह जानकारी लोगों तक पहुंचना जरूरी है। टीबी रोग के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता रहेगी, तो पंचायत स्वतः टीबी रोग मुक्त हो जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि टीबी का समय पर पता चल जाये और इसका पूरा उपचार हो जाए तो, यह पूरी तरह से रोकथाम और उपचार योग्य रोग है। टीबी को छुपाएं नहीं और न कोई भी व्यक्ति इसे बताने में संकोच न करे। सरकार इस बीमारी की रोकथाम और उपचार के लिए निःशुल्क सुविधा प्रदान करती है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि अब 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को टीबी की वैक्सीन लगायी जा रही है। टीबी मरीजों के उपचार, स्वास्थ्य और पोषण की व्यवस्था के साथ जन-जागरुकता के लिए व्यापक प्रचार- प्रचार किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लगाए 100 पौधे



**बैतूल (निप्र)।** शासकीय एकलव्य महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बैतूल में शुक्रवार को ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान के तहत पौध रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर के मुख्य आतिथ्य में संस्था परिसर में 100 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष श्री नागर ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन मे पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ों के महत्व को इंगित किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से करोड़ो पौधे लगाये जा रहे है पर हर व्यक्ति को 450 पेड़ लगाने की आवश्यकता है। ग्लोबल वार्मिंग से राहत पाने और धरती की रक्षा करने के लिए इस महा अभियान में स्वयं बढ़चढ़ कर हिस्सा ले और दुसरो को प्रेरित करें। पर्यावरण के लिये संकल्पित होने का किया आव्हान विशिष्ट अतिथि श्री हंसराज धुर्वे ने कहा कि यह पहल मातृभूमि और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि परम्परागत रूप से हर गौत्र का अपना पेड़ है। इस प्रकार पेड़ो की रक्षा की प्रेरणा हमें सनातन संस्कृति से मिली है। विशिष्ट अतिथि श्री सुधाकर पंवार ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य मां के नाम पेड़ लगाकर स्थायी स्मृति बनाना है। इससे पर्यावरण की रक्षा होगी। हरित और समृद्ध भविष्य की दिशा में यह एक कदम है। विशिष्ट अतिथि श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर एवं श्री आनन्द प्रजापति ने महिला आईटीआई में प्रशिक्षणार्थियों के अनुशासन की प्रशंसा करते हुए उपस्थित छात्राओं को पर्यावरण के लिये संकल्पित होने का आव्हान किया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य श्री रेवाशंकर पंडाग्रे, जिला उद्योग संघ के सचिव श्री पियुष तिवारी, श्री महेश्वर चंदेल, श्रीमती रश्मि साहू, श्री बल्वापुरे, श्री संजय सोलंकी, श्री बबलू मालवी, श्री राजा साहू, श्री पंकज गोलू बत्रा, संस्था के वरिष्ठ प्रशिक्षण अधिकारी श्री दिलीप कुमार सोनी, श्रीमती पुष्पा नागले एवं समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन संस्था की प्रशिक्षण अधिकारी श्रीमती विनीता पाटिल द्वारा किया गया।

## शुद्ध जल का करें उपयोग, जलजनित रोगों से स्वयं को रखें सुरक्षित

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी



## सभी बच्चों का स्कूल में प्रवेश दिलाएं, कोई भी बच्चा स्कूल जाने से न छूटे कलेक्टर श्री जैन ने शिक्षा विभाग की बैठक में अधिकारियों को निर्देश

**हरदा (निप्र)।** स्कूल जाने योग्य सभी बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिलाएं और प्रयास किया जाए कि कोई भी बच्चा स्कूल जाने से छूटे नहीं। यह निर्देश कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित शिक्षा विभाग की बैठक में अधिकारियों को दिये। उन्होने बैठक में निर्देशित किया कि विभागीय अमले के माध्यम से 6 से 18 वर्ष की आयु के सभी बच्चों का सर्वे कर शाला में प्रवेश के लिये प्रेरित कर उनका प्रवेश कराएं। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सविता झानिया, जिला शिक्षा अधिकारी श्री डी.एस. रघुवंशी, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र श्री बलवंत पटेल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने निर्देश दिये कि ऐसे शिक्षक जो अध्यापन कार्य में लापरवाही बरत रहें, उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाए। उन्होने निर्देशित किया कि एजुकेशन पोर्टल पर जिन विद्यालयों द्वारा मेपिंग नहीं की जा रही है, उनके विरूद्ध कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया जाए। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि विद्यार्थियों को साइकिल वितरण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। उन्होने निर्देशित किया कि सभी को ई-अटेण्डेंस लगाना अनिवार्य है। इसके लिये प्रथम चरण में संकुल प्राचार्यो, द्वितीय चरण में शाला प्राचार्य व तृतीय चरण में शिक्षकों का ई-अटेण्डेंस के माध्यम से वेतन आहरण किया जाएगा। उन्होने जिला शिक्षा अधिकारी को जिले में जिर्ण शिर्ण शाला भवनों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री जैन ने बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि ''दीक्षा पोर्टल'' के अनुरूप अध्यापन कार्य कराएं ताकि शिक्षण कार्य में एकरूपता आ सके। कलेक्टर श्री जैन ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि कोई भी शिकायत नॉट अटेण्डेन्ट नहीं होना चाहिए। उन्होने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत विद्यालयों में पौधरोपण कर माय लाइफ एप पर फोटो अपलोड कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। उन्होने अधिकारियों को विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण के निर्देश दिये।



## समर्थन मूल्य पर मूंग उपार्जन कार्यो को संपादित कराने वाले प्रशिक्षित हुए

**विदिशा (निप्र)।** समर्थन मूल्य पर विदिशा जिले में मूंग उपार्जन कार्य सात जुलाई से शुरू हुआ है जो आठ अगस्त तक जारी रहेगा। इसके लिए जिले में कुल नौ उपार्जन केन्द्र निर्धारित किए गए हैं इन केन्द्रो पर तैनात होने वाले सर्वेयर एवं समिति प्रबंधको को उपार्जन कार्यो के निर्धारित मापदण्डो से भलीभांति अवगत कराने के उद्धेश्य से शुक्रवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण पुनः आयोजित किया गया था। जिला विपणन अधिकारी श्रीमती राखी रघुवंशी ने बताया कि विदिशा जिला मुख्यालय पर स्थित पंजाब नेशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केन्द्र में शुक्रवार को आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि, सहकारिता, वेयर हाउस कार्पोरेशन, नेफेड क्लस्टर हेड, सर्वेयर, मूंग उपार्जन कार्यो को संपादित कराने वाली समितियों के प्रबंधकों के साथ-साथ आपरेटर और कृषक मौजूद रहें। इन सभी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा एफएक्यू स्कंध खरीदने के संबंध में शासन स्तर पर जारी उपार्जन नीति के अनुसार हरेक केन्द्र पर खरीदी कार्य किया जाना है जिसमें मुख्य रूप से स्लाट सुविधा, स्कंध की गुणवत्ता का परीक्षण, सेम्पल और कृषक पंजीयन की जानकारी टैग पर अंकित करने सहित अन्य विधाओं की जानकारी दी गई। मौके पर प्रशिक्षणार्थियों की शंकाओं का समाधान किया गया। इस दौरान स्पष्ट रूप से अवगत कराते हुए सचेत किया गया है कि स्कंध गुणवत्ता तकनीकी परीक्षण में पास स्कंध को ही समर्थन मूल्य पर क्रय किया जाएगा।



### विधायक श्रीमती गंगा बाई उईके ने विद्यार्थियों को वितरित की निशुल्क साइकिल

**बैतूल (निप्र)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कल्याणपुर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरण एवं विद्यालय में टीन शेड तथा साइकिल स्टैंड निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में घोड़ाडोंगरी विधायक श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उइके एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री हंसराज धुर्वे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य श्री एचआर झरबड़े द्वारा स्वागत भाषण से किया गया कार्यक्रम के दौरान विधायक श्रीमती उइके द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। उन्होंने विद्यालय में शासन द्वारा संचालित डिजिटल क्लासरूम, तकनीकी सुविधाओं से युक्त प्रयोगशाला, ड्रोन तकनीक के उपयोग तथा विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों की सराहना की।

## धरती आबा अभियान के तहत शिविर लगाकर किया गया 342 हितग्राहियों को लाभान्वित

### अभी तक किया जा चुका है 9412 हितग्राहियों को लाभान्वित



**सीहोर (निप्र)।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. के निर्देशानुसार जनजातीय आबादी के लिए समान अवसरों का सृजन, सामाजिक-आर्थिक स्तर का विकास, बुनियादी ढांचे में सुधार और स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आजीविका के क्षेत्र में ठोस प्रगति के उद्देश्य से जिले में 15 जून से 15 जुलाई तक धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सीहोर जिले के चिन्हित 80 गांवों में अब 15 जुलाई तक दिनांकवार शिविर लगाए जा रहे हैं। अभियान के तहत ग्रामों में ग्राम सभाएं भी आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत 11 जुलाई को चिन्हित गांवों में शिविर लगाकर 342 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। अभी तक इस अभियान के तहत 9412 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका हैं। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने इस अभियान के तहत चिन्हित किए गए सीहोर जिले के 80 गांवों के जनजातीय समुदाय के नागरिकों से अभियान के तहत दिनांकवार लगने वाले शिविरों में उपस्थित होने और योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने अपील की है कि सभी पात्र हितग्राही शिविरों में उपस्थित हों और पात्रतानुसार शासन की योजनाओं और सेवाओं का लाभ लें, ताकि जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों का भी निरंतर विकास हो सके और कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

### तवानगर में लगा स्वास्थ्य शिविर, स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया घर घर जाकर लार्वा सर्वे

**नर्मदापुरम (निप्र)।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार केसला ब्लाक के तवानगर ग्राम में सीएमएचओ डॉ नरसिंह गहलोत के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत की उपस्थिति में 37 मरीजों की जिला मलेरिया अधिकारी अरुण श्रीवास्तव, आर बी एस के चिकित्सक टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं परीक्षण हुआ। शिविर में ग्रामीणों को मलेरिया सहित अन्य बीमारियों से बचाव हेतु जानकारी दी गई। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुखतवा की स्वास्थ्य टीम ने सहयोग किया, मलेरिया टीम द्वारा ग्राम तवानगर में घर घर जाकर लार्वा सर्वे कार्य किया एवं ग्राम में टीमोफास एवं पायराथीम छिड़काव किया गया। वर्तमान में तवानगर अंतर्गत मलेरिया या अन्य रोग से प्रभावित कोई भी गंभीर मरीज नहीं है।



## 'बाल अधिकारों के संबंध में किशोर एवं ग्रामीणजन को किया गया जागरूक'

### बाल अधिकारों के संबंध में नीमगाँव, सोनतलाई व हनीफाबाद में विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न



**हरदा (निप्र)।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष श्रीमती तृप्ति शर्मा के मार्गदर्शन में गुरूवार को ग्राम नीमगांव, सोनतलाई व हनीफाबाद में विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में न्यायाधीश एवं सचिव श्री चंद्रशेखर राठौर ने बच्चों के अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जागरूकता बढ़ाने, शिक्षा को बढ़ावा देने और बाल यौन शोषण, बाल विवाह, बाल श्रम आदि अपराधों के बारे में लोगों को जागरूक किया। उन्होने बताया कि ''डॉन स्कीम- 2025'' राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नशा उन्मूलन के लिये शुरू की गई एक पहल है। इसका उद्देश्य बालकों व किशोरों में नशीले पदार्थो के उपयोग के विरूद्ध जागरूकता बढ़ाना और नशे के शिकार लोगों को कानूनी सहायता व कल्याणकारी सेवाएं प्रदान करना है। उन्होने नालसा योजना के उपबंधों की जानकारी देते हुए बताया कि योजना के अंतर्गत ड्रग्स तस्करी एवं ड्रग्स पीड़ितों को जिला प्राधिकरण के द्वारा आवश्यक विधिक सेवा उपलब्ध करायी जाती है। योजना के तहत ड्रग्स पीड़ितों को पहचानने, उनका उपचार करने तथा नशा मुक्ति के पश्चात उनके पुनर्वास में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं को गतिमान कराया जाता है। साथ ही ड्रग्स के खतरों एवं इसके उन्मूलन के प्रभावी उपायों के विषय में संवेदनशील बनाया जाता है। जिला प्राधिकरण एवं राज्य की कई एजेन्सियों के साथ साथ गैर सरकारी संगठन भी नशीले पदार्थो की तस्करी और मादक पदार्थो के उन्मूलन के क्षेत्र में कार्यरत है। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सौरभ कुमार दुबे ने बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना के संबंध में पॉक्सो एक्ट, मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, नालसा योजना की जानकारी उपस्थितजनों को दी। उन्होने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित ''संवाद योजना-2025'' के तहत अनुसुचित जनजाति एवं सुदुर क्षेत्र में निवासरत लोगों को भी उनके संवैधानिक व वैधानिक अधिकारों की जानकारी दी। शिविर में नीमगॉव सरपंच श्री रामभरोस विश्नोई, सचिव श्री संतोष मंसूरे, ग्राम सोनतलाई सचिव श्री सुरेश प्रजापति, हनीफाबाद सहायक सचिव श्री विजेन्द्र सिंह, ग्रामीणजन, महिलाएं, पुरूष, बच्चे एवं पैरालीगल वॉलेंटियर श्री मोहन जाट उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### गोवंश के वाहनों से टकराने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सतवास में निराश्रित गोवंश के सिंग पर लगाए रेडियम



**देवास (निप्र)।** कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह ने गोवंश के वाहनों से टकराने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को गोवंशों के गले में रेडियम की पट्टी एवं सिंग पर रेडियम लगाने के निर्देश दिये है। इसी कड़ी में सतवास में गोवंश के सिंग पर रेडियम लगाए गए। उल्लेखनीय है कि देवास जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गोवंशों के सिंग पर रेडियम लगाया जा रहा है, ताकि रात में भी उन्हें आसानी से देखा जा सके। इस पहल से न केवल गोवंशों की सुरक्षा होगी बल्कि सड़क पर चल रहे वाहनों की भी दुर्घटनाओं से बचाया जा सकेगा। रेडियम पट्टी से गोवंश दूर से दिखाई दे सकेंगे, इससे उनकी सुरक्षा के साथ ही सड़क पर आवागमन कर रहे वाहन भी आकस्मिक दुर्घटना से सचेत और सतर्क रहेंगे।

### जल संरक्षण, पौधारोपण और स्कूलों के परीक्षा परिणाम सुधारने पर विशेष ध्यान दें

**खण्डवा (निप्र)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने गौरी कुंज सभागृह में आयोजित बैठक में जिले के सभी प्रधान पाठको, प्राचार्यों और जनशिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने अपने क्षेत्र में जल संरक्षण, पौधारोपण और स्कूलों के परीक्षा परिणाम सुधारने पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विकास खंड में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले स्कूलों ओर उनके विद्यार्थियों को पुरुस्कृत किया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों से कहा के वे स्कूलों के निरीक्षण के दौरान मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण करें, और यदि कोई समस्या या शिकायत मिले, तो उसकी सूचना सीधे मुझे दें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि जिले की प्रत्येक शाला में एक स्मार्ट क्लास बनाने की कार्यवाही अगले एक वर्ष में पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने सभी प्राचार्यों व जन शिक्षकों से कहा कि प्रदेश सरकार के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत अपने-अपने स्कूलों में स्वयं भी पौधे लगाएं और बच्चों से भी लगवाएं। जिला शिक्षा अधिकारी पी एस सोलंकी ने बैठक में कहा कि इस सत्र में भी विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम को व्यस्थित रूप से पूर्ण करने के लिए कार्ययोजना बनाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष बोर्ड परीक्षा परिणाम में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। परीक्षा परिणाम में सुधार आगे भी जारी रहे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर तैयार मासिक टेस्ट पेपर भी शालाओं को हर माह दिए जाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी श्री सोलंकी ने बैठक में नि:शुल्क सायकल वितरण, नि:शुल्क पाठयपुस्तक वितरण, पर्यटन क्विज़, ऑनलाइन पर्यावरण क्विज़, एक पेड़ मां के नाम, स्कूल चले अभियान, विद्याँजलि पोर्टल, नवभारत साक्षरता, शाला प्रवेश उत्सव, रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसे सभी अभियानों की समीक्षा की। बैठक में डाइट प्राचार्य केशव पाराशर ने अकादमिक पहलू पर आवश्यक जानकारी दी और संबोधित किया। बैठक दो चरणों में आयोजित की गई। प्रथम चरण में खंडवा, पंधाना, पुनासा विकासखंड के 645 और द्वितीय चरण में हरसूद, छैगांव माखन, किल्लौद और खालवा विकासखंड के 615 प्रधानपाठक, प्राचार्य, जनशिक्षक ओर विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक शामिल हुए। बैठक में समन्वय संदीप जोशी ने किया और आभार एडीपीसी रमसा संगीता सोनवाने ने व्यक्त किया।

### स्वयं सहायता समूह, ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता तदर्थ समिति और पंचायत सहभागिता से जल कर वसूली में नवाचार की ओर कदम

**उज्जैन (निप्र)।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल जल योजनाओं के संचालन, रखरखाव एवं जलकर वसूली को सशक्त बनाने हेतु गत दिवस एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में उज्जैन जनपद की 57 महिदपुर की 10, खाचरोद की 10 एवं घटिया की 10 पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर नल जल योजनाओं की निरंतरता सुनिश्चित करना, स्वयं सहायता समूह की जल जीवन मिशन में भूमिका, समुदाय को जल संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना तथा जलकर वसूली के महत्व को समझाना था। कार्यशाला के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से योजनाओं के संचालन, रखरखाव तथा वित्तीय स्थिरता हेतु आवश्यक अनुबंधों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर कविता उपाध्याय (जिला समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन), ज्योति कुशवाह (एडमिन, नेशनल रूरल लाइवलीहुड मिशन), मनोरमा शर्मा (जिला समन्वयक, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग), नेहा सोलंकी (उपयंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग) गोपाल गुप्ता (जिला सहजकर्ता, यूनिसेफ) सहित शुभम शर्मा, कपिल कुमावत, विनोद कामरे एवं तुलसीदास बैरागी (पीएमयू, जल जीवन मिशन) उपस्थित रहे। कार्यशाला में विभिन्न विषयों पर प्रकाश डाला गया जिसमें जल संरक्षण के उपाय, महिलाओं की जलकर वसूली में सक्रिय भागीदारी, योजनाओं से जुड़े दस्तावेजीकरण, रखरखाव कार्यों की प्रक्रिया और समुदाय में सक्रिय सदस्य की भूमिका शामिल थी। विशेष रूप से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जलकर वसूली की प्रक्रिया में आगे आने और ग्राम स्तरीय व्यवस्थाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि जल जीवन मिशन केवल एक योजना नहीं बल्कि जन-सहभागिता के माध्यम से गांवों में जल सुरक्षा की स्थायी व्यवस्था स्थापित करने का एक माध्यम है।

# इंदौर का मध्यस्थता मॉडल प्रदेश बना मिसाल

## आपसी सुलह और समझौते से 5 हजार से अधिक मामलों का हुआ समाधान



**इन्दौर (निप्र)।** सिविल प्रक्रिया संहिता संशोधन अधिनियम 1999 की धारा 89 के तहत वैकल्पिक विवाद समाधान (ॅक्र) की विधा मध्यस्थता को कानूनी मान्यता प्रदान की गई है। यह एक गैर-बाध्यकारी, निष्पक्ष, निःशुल्क तथा स्वैच्छिक प्रक्रिया है, जिसमें प्रशिक्षित मध्यस्थ पक्षकारों को संवाद के माध्यम से विवाद समाधान तक पहुंचने में मदद करते हैं। इंदौर जिले ने इस प्रक्रिया को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है और प्रदेश भर में एक आदर्श मॉडल प्रस्तुत किया है।

उच्च न्यायालय इंदौर खंडपीठ के न्यायमूर्ति श्री विवेक रुसिया की पहल पर तथा कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में जिला प्रशासन इंदौर के सक्रिय सहयोग से इस प्रक्रिया का सुनियोजित एवं प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश शमीम अहमद के नेतृत्व में प्रशिक्षित मध्यस्थों की टीम ने अब तक 5 हजार से अधिक मामलों का समाधान आपसी समझौते से कराया है।

**विविध समाजों की भागीदारी और विशेषज्ञों का सहयोग :** इंदौर में हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सहित 27 विभिन्न समाजों के 123 वरिष्ठ जन इस अभियान से जुड़े हैं। इसके अतिरिक्त पूर्व न्यायाधीश, डॉक्टर, इंजीनियर, अधिवक्ता, समाजसेवी, सीए और सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी भी मध्यस्थता समिति में शामिल हैं। इन्हें 20 घंटे के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से मध्यस्थ के रूप में तैयार किया गया है।

**120 से अधिक सक्रिय मध्यस्थ, सतत जनजागरूकता अभियान :** वर्तमान में 120 से अधिक प्रशिक्षित मध्यस्थ इंदौर जिले में सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। पिछले दो वर्षों में उन्होंने सैकड़ों जटिल मामलों का समाधान आपसी सहमति से कर न्यायालय का समय बचाया है। जनजागरूकता के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि नागरिकों को मध्यस्थता प्रक्रिया की जानकारी मिल सके और इसे लोकप्रियता व स्वीकार्यता प्राप्त हो।

### समाज में संवाद, सम्मान और समाधान का आधार

इंदौर की यह पहल केवल विवादों का समाधान नहीं है, बल्कि यह न्यायपालिका के सहयोगी के रूप में समाज में शांति, संवाद और सम्मान को बढ़ावा देने वाली अनुकरणीय व्यवस्था बन गई है। मध्यस्थता अब केवल न्याय का विकल्प नहीं, बल्कि समाज सुधार की दिशा में एक प्रभावी कदम बन चुकी है।

### समझौते से सुलझे सैकड़ों विवाद, मुकदमेबाज़ी की जरूरत नहीं

इंदौर में वैवाहिक, पारिवारिक, कार्यालयीन और पड़ोसी विवादों को प्राथमिकता के साथ मध्यस्थता प्रक्रिया में लिया जा रहा है। यह एक पूर्णतः गोपनीय प्रक्रिया है, जिसमें दोनों पक्षों के हितों की रक्षा करते हुए पारंपरिक मुकदमेबाज़ी के मुकाबले शांतिपूर्ण और स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाता है। जनसुनवाई में प्राप्त उपयुक्त मामलों को अब कलेक्टर कार्यालय स्थित मध्यस्थता केंद्र में भेजा जाता है। इस सुविधा को नागरिकों के लिए अधिक सुलभ बनाने हेतु जिले में 22 मध्यस्थता केंद्र कार्यरत हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की सराहना

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उच्च शिक्षा मंत्री रहते हुए बाणगंगा स्थित मध्यस्थता केंद्र का शुभारंभ किया था। उन्होंने इस प्रक्रिया की सराहना करते हुए कहा, ÷इस प्रक्रिया में कोई हारता नहीं, दोनों पक्ष जीतते हैं।

### 2.0 अभियान के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय, मुलथान में एक पेड़ माँ के नाम हेतु पौधे लगाए

**धार (निप्र)।** एक पेड़ माँ के नाम 2.0 प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय पहल है। जिसका उद्देश्य लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करना है। साथ ही पर्यावरण के सम्मान में पौधे की उत्तरजीविता को भी सुनिश्चित करना है। इस संबंध में शनिवार को जवाहर नवोदय विद्यालय, मुल्थान, धार के इको क्लब तथा स्कूल के प्रधानाचार्य श्री दीपक अग्रवाल के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इको क्लब प्रभारी श्रीमती सरोज खातरकर और क्लब के छात्र सदस्यों द्वारा एक गतिविधि का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य स्कूल परिसर में अधिक से अधिक पौधे लगाना था।सभी छात्र अपनी मां के साथ एमपी हॉल में एकत्रित हुएद्य गतिविधि की शुरुआत श्री प्रेम सिंह गिल द्वारा अभियान और इसके महत्व के बारे में संक्षिप्त परिचय के साथ हुई द्य छात्रों को यह भी बताया गया कि केवल पेड़ लगाना ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि पौधे की देखभाल करना ओर अधिक महत्वपूर्ण है, ताकि वे जीवन पर्यंत जीवित रह सकें। उन्होंने अभिभावकों को उन क्षेत्रों के बारे में भी बताया जहां पौधे लगाए जाने हैं। इसके बाद प्रत्येक छात्र ने अपनी मां के साथ मिलकर स्कूल परिसर में एक-एक पेड़ लगाया। अभियान के दौरान लगभग 100 से ज्यादा पौधे लगाए गए द्य इको क्लब की अध्यक्ष कु गरिमा राठौर तथा अन्य सदस्यों ने गतिविधि के दौरान अभिभावकों और छात्रों की मदद की।

## 45 दिनों में कार्य पूर्ण करने का रेलवे द्वारा दिया गया वचन, मांगलिया आरओबी भी आंशिक रूप से खोला जाएगा



**इन्दौर (निप्र)।** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट के निर्देश पर आज निर्माणाधीन सिंगापुर टाउनशिप अंडरपास का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य अंडरपास निर्माण की वजह से उत्पन्न यातायात जाम की समस्या का समाधान तलाशना और कार्य में तेजी लाना था।

मंत्री श्री सिलावट के मौखिक निर्देशों के अनुपालन में रतलाम रेलवे मंडल प्रबंधक से चर्चा कर वरिष्ठ संभागीय अभियंता को मौका मुआयना करने हेतु निर्देशित किया गया। इस क्रम में रेलवे, नगर निगम व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अंडरपास स्थल का निरीक्षण कर निर्माण की प्रगति एवं संभावित सुधारों का आंकलन किया गया। निरीक्षण के दौरान रेलवे अधिकारियों ने अंडरपास का शेष निर्माण कार्य, रिटेनिंग वॉल का निर्माण, तथा मार्ग चौड़ीकरण का कार्य अगले 45 दिनों में पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

मांगलिया आरओबी से भी मिलेगी राहत यातायात के दबाव को कम करने के उद्देश्य से मांगलिया में निर्माणाधीन आरओबी को आगामी 7 दिनों के भीतर मोटरसाइकिल एवं कारों के लिए 45 दिन तक अस्थायी रूप से खोला जाएगा, जिससे वैकल्पिक आवागमन की सुविधा मिल सके तथा सिंगापुर टाउनशिप अंडरपास पर यातायात का दबाव कम हो सके।

रतलाम रेलवे मंडल से संभागीय इंजीनियर श्री मांगीलाल जाटव, सांवेर एसडीएम श्री घनश्याम धनगर, तहसीलदार श्री विकास रघुवंशी, नगर निगम उपायुक्त श्री अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री श्री डी.आर. लोधी, पीडब्ल्यूडी ब्रिज शाखा से कार्यपालन यंत्री श्री सोलंकी, पुलिस यातायात विभाग से एडिशनल डीसीपी श्री संतोष कौल, थाना प्रभारी श्री तारेश सोनी, पार्षद श्री राकेश सोलंकी, श्री सुरेश कुरवाड़े, श्री पप्पु शर्मा, ढाबली एवं मांगलिया सरपंचगण, स्थानीय नागरिक व गणमान्यजन उपस्थित थे।

मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट के निर्देश पर यह संयुक्त निरीक्षण निर्माण कार्य में तेजी लाने, सुगम आवागमन की योजना तैयार करने और नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है।

### आबकारी विभाग ने बाबई में कार्रवाई कर 349 पाव देशी मदिरा जप्त की

**देवास (निप्र)।** कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार देवास जिले में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग के दल ने सहायक आबकारी आयुक्त श्रीमती मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन में वृत्त सोनकच्छ के ग्राम बाबई में मुखबिर सूचना के आधार पर कार्यवाही कर जितेन्द्र कीर के अधिपत्य से 349 पाव देशी मदिरा प्लेन मात्रा 62.82 बल्क लीटर बरामद की। अवैध रूप से मदिरा संग्रह करने पर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) एवं 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। जप्त मदिरा का बाजार मूल्य लगभग 26 हजार 175 रुपये है। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक प्रेम यादव, आबकारी मुख्य आरक्षक राजाराम रैकवार, आबकारी आरक्षक अरविंद जिनवाल, निकिता परमार, सैनिक किशोर सिसोदिया, अनिल चौहान, अनिल अकोडिया शामिल थे। देवास जिले में आबकारी विभाग द्वारा इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## जिले की 06 शासकीय स्कूलों के लिए बेअरलॉकर ने 200 सेट फर्नीचर उपलब्ध कराए



**देवास (निप्र)।** कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में जिले के सभी स्कूलों में विद्यार्थियों के बैठने के लिए फर्नीचर उपलब्ध कराने के लिए चलाए जा रहे अभियान में बेअरलॉकर उद्योग द्वारा एक्ट ईव फाउंडेशन के समन्वय से उदयनगर क्षेत्र में मगरादेह की एकीकृत शाला में 90 सालीपूरा प्राथमिक विद्यालय में 15, सुकूपुरा में 10, पठारीपुरा में 15 तथा उदयनगर के कस्तूरबा कन्या छात्रावास में 70 सेट सहित कुल 200 सेट फर्नीचर भेंट किये, जिससे 600 से अधिक बच्चे लाभान्वित होंगे।

इसके साथ ही क्षेत्र में 10 धुंआ रहित चूल्हे भी भेंट किये। इससे महिलाओं को धुंए से छुटकारा मिलेगा और ईंधन की खपत में 60 प्रतिशत की बचत होती है। बेअरलॉकर उद्योग प्रबंधक प्रवीण शर्मा तथा सीएसआर समन्वय एक्टईव फाउंडेशन अध्यक्ष मोहन वर्मा ने बताया कि लोकार्पण के इन कार्यक्रमों में अतिथि रूप में क्षेत्र के पूर्व जनपद सदस्य और सामाजिक कार्यकर्ता नंदुसिंह रावत, बीआरसी कयूम खान बनारसी, संकुल प्राचार्य परमार सर, सरपंच कमला बाई भार्गव, विजेंद्र सिंह डांगी, जनपद सदस्य रामसिंह सोलंकी, हॉस्टल वार्डन राधा जामले, विश्वागी वडनेरे तथा बेअरलॉकर उद्योग की श्रेयांशी गुप्ता तथा रिया कंवर उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि बेअरलॉकर उद्योग तथा एक्ट ईव फाउंडेशन के इस संयुक्त अभियान में अब तक 60 से अधिक स्कूलों में 2200 से अधिक फर्नीचर सेट दिए जा चुके है। जिनमें से बेअरलॉकर उद्योग का 40 स्कूलों में 1600 फर्नीचर उपलब्ध कराए है।

# छात्राएं सिर्फ पढ़ाई पर ध्यान दें, उनकी सभी समस्याओं का निराकरण सरकार करेगी

## मंत्री डॉ. शाह ने कन्या शिक्षा परिसर में छात्राओं के साथ बैठकर भोजन किया और उनकी समस्याएं सुनीं



**खण्डवा (निप्र)।** मध्यप्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री कुंवर डॉ. विजय शाह ने रविवार को खालवा विकासखंड के ग्राम जामनी गुर्जर स्थित कन्या शिक्षा परिसर में छात्राओं के साथ बैठकर भोजन किया और उनकी समस्याएं सुनी। इससे पूर्व उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे केवल पढ़ाई की चिंता करें उनकी सभी समस्याओं का निराकरण प्रदेश सरकार करेगी। इस दौरान सहायक आयुक्त श्री संतोष शुक्ला, क्षेत्र संयोजक श्री नीरज पाराशर सहित अन्य अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।

इस दौरान मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि जिले के तीनों कन्या शिक्षा परिसरों में ब्लैक बोर्ड या ग्रीन बोर्ड के स्थान पर ÷डिजिटल बोर्ड÷ स्थापित कराए जाएंगे, और कन्या शिक्षा परिसरों में स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि छात्राओं को रोजगार मूलक प्रशिक्षण दिलाया जाएगा ताकि वह पढ़ाई के बाद स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर सकें और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि ग्राम आवलिया में संस्कृति व संस्कार संबंधी प्रशिक्षण का पाठ्यक्रम भी शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कन्या शिक्षा परिसर के लिए बड़े वाहनों की व्यवस्था की जाएगी, ताकि छात्राओं को आसपास के दर्शनीय स्थल तथा आसपास के उच्च शिक्षण संस्थानो का भ्रमण भी कराया जा सके।

मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि आदिवासी वर्ग की छात्राओं की सुविधाओं के लिए ÷शालिनी एप÷ प्रदेश सरकार ने तैयार कराया है, जिसमें कि छात्रावासों में प्रवेश या छात्रवृत्ति भुगतान जैसी सभी समस्याओं के निराकरण की सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि जिन विद्यार्थियों को छात्रावास में एडमिशन नहीं मिल पाता है, उन्हें गांव से शहर जाकर पढ़ने के लिए कमरा किराए पर लेने के लिए सरकार आर्थिक मदद दे रही है। उन्होंने सहायक आयुक्त को निर्देश दिए कि कन्या शिक्षा परिसर की छात्राओं को पॉलिटेक्निक कॉलेज और आईटीआई का भी भ्रमण कराया जाए, ताकि वे तकनीकी शिक्षा और रोजगार मूलक पाठ्यक्रम के बारे में जान सकें। उन्होंने कहा कि ग्राम सेल्दा में ÷खेल प्रशिक्षण परिसर÷ स्थापित किया जाएगा, जिसमें छात्राओं को उच्च स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध होगी। यहां आदिवासी छात्राओं की खेल प्रतिभा को तराशा जाएगा। इस खेल परिसर में आदिवासी बहुल गांव की छात्राएं अपनी खेल प्रतिभा को और निखार सकेंगी।

मंत्री डॉ. शाह ने इस अवसर पर छात्राओं से कहा कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के मध्य प्रदेश के ऐसे आईएएस अधिकारी जो कि सरकारी छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर चुके हैं, उन्हें सरकारी छात्रावासों के भ्रमण पर भेजा जाएगा ताकि वे छात्रवासी वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित कर सकें। मंत्री डॉ. शाह ने अधीक्षक को निर्देश दिए कि छात्राओं की उनके माता-पिता से मोबाइल फोन के माध्यम से हर सप्ताह बात कराते रहें, ताकि यदि कुछ समस्या या परेशानी हो तो वे अपने माता-पिता को बता सकती हैं।

# सिंहस्थ आयोजन के पूर्व सभी कार्य शतप्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें

## अपर मुख्य सचिव डॉ राजौरा ने सिंहस्थ 2028 के निर्माण कार्यों की समीक्षा की



**उज्जैन (निप्र)।** अपर मुख्य सचिव डॉ राजेश राजौरा ने आगामी सिंहस्थ 2028 के निर्माण कार्यों की समीक्षा रविवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में आयोजित संभाग स्तरीय बैठक में की। बैठक में निर्देश दिए कि सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें ताकि समय सीमा में शत प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा सके। सिंहस्थ मेला क्षेत्र में जितने भी कार्य किये जा रहे हैं, या आगामी रूप से किए जाना है उनकी कार्ययोजना नियोजित ढंग से तैयार करें। बैठक में कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की गई। अपर मुख्य सचिव द्वारा सिंहस्थ के लिए बनाए जा रहे घाटों के निर्माण की विशेष रूप से समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सिंहस्थ के लिए घाटों का निर्माण अत्यंत महत्वपूर्ण है। उक्त कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाना होगा। बताया गया की क्षिप्रा के घाटों पर हाई मास्ट लगाए जाऐगे। अपरमुख्य सचिव द्वारा क्षिप्रा शुद्धिकरण, कान्ह डायवर्सन तथा हरिया खेड़ी प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा की गई। प्रोजेक्ट के संबंध में जारी टेंडर प्रक्रिया की जानकारी भी प्राप्त की गई। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा में बताया गया कि विभाग द्वारा सिंहस्थ के दृष्टिगत जो कार्य हाथ में लिए गए है उनमें शनि मंदिर से चिंतामन गणेश मंदिर तक 5 किलोमीटर लंबाई में फोरलेन निर्माण शामिल है, जिसकी लागत 30 करोड रुपए है। इसके माध्यम से इंदौर से आने वाले यातायात को चिंतामन गणेश मंदिर तथा सिंहस्थ मेला क्षेत्र पहुंचने के लिए सुगम मार्ग प्राप्त होगा।

इसी प्रकार रामवासा से नरवर तक 9 किलोमीटर लंबाई की फोर लेन सड़क के निर्माण से इंदौर, मक्सी आने वाले यातायात को देवास मार्ग पहुंचाने में उज्जैन बाईपास का कार्य करेगा। उक्त मार्ग निर्माण से सिंहस्थ में भारी वाहनों के शहर में प्रवेश की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इसी प्रकार धरमबड्ला से नईखेड़ी तक 6 किलोमीटर लंबाई का टु लेन निर्माण शामिल है। इसके निर्माण से नईखेडी रेलवे स्टेशन से मेला क्षेत्र में पहुंचने के लिए सुगमता प्राप्त होगी। आगर रोड से पंवासा पंचक्रोशी मार्ग भी सम्मिलित है। लगभग 10 किलोमीटर लंबाई के उक्त टु लेन मार्ग निर्माण से यातायात दबाव की समस्या का निदान होगा। इसके अलावा सोढंग से नईखेड़ी तक 9 किलोमीटर टु लेन मार्ग निर्माण 25 करोड़ की लागत से निर्मित होगा। क्योंकि नईखेड़ी रेलवे स्टेशन से सौढंग, भेरूगढ़, मंगल नाथ होते हुए सिंहस्थ मेला क्षेत्र पहुंचने के लिए मार्ग चौड़ीकरण आवश्यक है। बैठक में उज्जैन शहर में संधारित निर्माण कार्यों के संबंध में बताया गया कि उज्जैन में हरिफाटक ब्रिज चौड़ीकरण के लिए कार्रवाई प्रचलित है। महाकाल लोक कॉरिडोर में प्रस्तर प्रतिमाओं के निर्माण स्थापना तथा अन्य कार्य प्रगति पर है। जिनकी लागत लगभग 75 करोड रुपए है।

इसी प्रकार वीर दुर्गादास छतरी पर 45 लाख रुपए लागत से विकास कार्य प्रक्रियाधीन है। बताया गया कि नरसिंह घाट पर कंपोजिट कंट्रोल रूम बनाया जाएगा जिसकी निंविदा स्वीकृत हो चुकी है जिसका निर्माण 15.99 करोड रुपए लागत से होगा। तपोभूमि में नवीन थाना भवन निर्माण 3.77 करोड रुपए की लागत से किया जाएगा जिसका कार्य शुरू हो चुका है। महाकाल लोक में नवीन थाना भवन निर्माण का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है जिसकी लागत भी 3.77 करोड रुपए है। उज्जैन तथा आसपास के क्षेत्र में पुलिस आवासों के निर्माण की जानकारी भी दी गई जिसमें विभिन्न निविदा स्वीकृति हेतु भोपाल भेजी गई है।

अपर मुख्य सचिव डॉ राजौरा ने निर्देशित किया कि आवासीय भवनों के निर्माण के पूर्व उनकी उपयुक्तता का परीक्षण ठीक से कर लिया जाए। आगामी सिंहस्थ की तैयारी को दृष्टिगत रखते हुए शहर में विभिन्न होटलों में उन्नयनकार्य किया जा रहे हैं। जिनमें निजी निवेश पीपीपी मॉडल के तहत कार्य किया जाना है।

इनमें ग्रैंड होटल, शिप्रा रेजिडेंसी, अवंतिका होटल, महाराज वाड़ा होटल का उन्नयन कार्य सम्मिलित है। होटलों में कक्ष संख्या में वृद्धि की जा रही है जीवाजी गंज सिविल अस्पताल को 20 के स्थान पर 50 बेड किया जाएगा। भैरवगढ़ डिस्पेंसरी 6 बेड बनाई जा रही है। सिंहस्थ के दौरान अन्य स्थानों से आने वाले पुलिसकर्मियों तथा अन्य शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों के ठहरने के लिए उज्जैन के शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज मैं भी 250 सीटर व्यवस्था की जाएगी। उज्जैन में रेलवे स्टेशन से महाकाल मंदिर तक 1.76 किलोमीटर लंबाई के रोपवे निर्माण के बारे में बताया गया कि रोपवे लाइन कैलकुलेशन का अनुमोदन किया जा चुका है।
















स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक अरूण कुमार पटेल द्वारा अरुण ऑफसेट प्रिंटर्स, द मॉल शॉपिंग काम्प्लेक्स, कोलार रोड भोपाल से मुद्रित कराकर आनंद विद्या भारती स्कूल के सामने सिराज उद्दीन खान म.नं. 5 जिला राजगढ़ से प्रकाशित। **संपादक:** अरुण कुमार पटेल, **स्थानीय संपादक: इफ्तेखार उद्दीन खान,** मो. 9977442619 उप संपादक : कमरुद्दीन खॉन मो. 9425442435( समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र राजगढ़ होगा।)